तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	राजस्व प्रार्थना पत्र संख्या 25/2025 (2025/87) अनवान मोड़ाराम बनाम राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार झंवर जोधपुर अन्तर्गत धारा 136 भू–राजस्व अधिनियम	
7-4-2025	प्रार्थी मोडाराम पुत्र भीमाराम उर्फ मेघाराम जाति भील निवासी भीलो का बास, कटारड़ा भान्डू कल्ला जोधपुर ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अपनी खातेदारी कृषि भूमि ग्राम थूम्बली के खसरा नम्बर 182 रकबा 3.5127 हैक्टैयर में प्रार्थी के पिता का नाम खातेदार के रूप में भीमाराम पुत्र मोहब्बतराम के तौर पर नाम अमल दरामद किया हुआ है। प्रार्थी का सही एवं वास्तविक नाम मेघाराम पुत्र मोहब्बतराम है जो कि इनके आधार कार्ड, पहचान कार्ड, परिवार राशन कार्ड, व जन आधार कार्ड इत्यादि में अंकित है, उक्त खातेदारी भूमि में नाम भीमाराम पुत्र मोहब्बतराम गलती से दर्ज हो गया था। भीमाराम पुत्र मोहब्बतराम एवं मेघाराम पुत्र मोहब्बतराम एक ही नाम के व्यक्ति अर्थात प्रार्थी के पिता के नाम है। नाम सम्बन्धी किसी प्रकार का कोई विवाद नहीं हो तथा अशुद्वि को शुद्वि करवाये जाने पर सही एंव वास्तविक नाम दर्ज होने पर भविष्य में कोई कानूनी अड़चन पैदा न हो इसलिये यह प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर रेकर्ड दुरूस्ती का निवेदन किया है। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर सम्बन्धित पक्षकार को जरिये नोटिस जवाब तलब किया गया। तहसीलदार भू.अ. झंवर के पत्रांक/भू.अ./2025/404 दिनांक 19.03.2025 के द्वारा जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई। जो शामिल मिसल की गई। जिसके अनुसार ग्राम थूम्बली के खसरा नम्बर 182 रकबा 3.5127 हैक्टैयर में भीमाराम पुत्र मोहब्बतराम जाति भील सा. देह खातेदार दर्ज है। जो कि नामान्तरकरण संख्या 431 जरिये विरासत भीमाराम पुत्र मोहब्बतराम ग्राम थूम्बली के नाम से राजस्व रेकर्ड में दर्ज हुआ। तब से लगातार राजस्व रेकर्ड में दर्ज चला आ रहा है। भीमाराम व मेघाराम एक ही व्यक्ति के नाम होना बताया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। प्रार्थी का नाम वर्तमान राजस्व रेकर्ड ग्राम ग्राम थूम्बली के खसरा नम्बर 182 रकबा 3.5127 हैक्टैयर में भीमाराम पुत्र मोहब्बतराम जाति भील ग्राम थूम्बली सा. देह खातेदार दर्ज है। तहसीलदार झंवर की रिपोर्ट दिनांक 19.03.2025 के अनुसार प्रार्थी का नाम उक्त राजस्व रेकर्ड में जरिये विरासत नामान्तरकरण संख्या 431 के दर्ज हुआ तब से निरन्तर राजस्व रेकर्ड में इन्द्राज है। तथा प्रस्तुत पहचान दस्तावेजात में मेघाराम पुत्र मोहब्बतराम दर्ज होना बताया। भीमाराम व मेघाराम एक व्यक्ति होना बताया। अतः उपरोक्त विवेचन एंव प्रस्तुत दस्तावेजात, शपथ पत्रों के आधार पर प्रार्थी का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 भू–राजस्व अधिनियम के तहत स्वीकार किया जाता है। तथा तहसीलदार झंवर को आदेश दिया जाता है। कि ग्राम थूम्बली के खसरा नम्बर 182 रकबा 3.5127 हैक्टैयर में खातेदार भीमाराम पुत्र मोहब्बतराम के स्थान पर मेघाराम उर्फ भीमाराम पुत्र मोहब्बतराम रेकर्ड दुरूस्ती का अमल दरामद करें। आदेश सुनाया गया। पत्रावली फैशल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो। सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी, लूणी	